पंजाब केसरी 23/06/2024

जी.एम.एन. कालेज में मनाया गया योग दिवस

अम्बाला, (बलराम) : छावनी स्थित जी.एम.एन. कालेज में प्राचार्य डा. रोहित दत्त के नेतृत्व में शारीरिक शिक्षा विभाग, एन.सी.सी. और एन.एस.एस. के तत्वावधान में शुक्रवार को 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह आयोजित किया गया। इसमें कालेज के शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

इस अवसर पर प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने बताया कि योग मानव जीवन के लिए अत्यावश्यक है। डा. सीमा कंसल ने सभी को योग कराते हुए बताया कि योग शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से हमारा विकास करता है।

योग को अपनाकर हम निरोग रह सकते हैं। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष प्रो. बृजेश कुमार, डा.एस.एस. नैन, सभी शिक्षकगण एवं गैर शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे।

जी.एम.एन. कालेज में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह में भाग लेते छात्र-छात्राएं। (देवदत्त)